*संपादकीय*

# प्रकृति से लड़कर कोई आज तक जीत नहीं सका

उत्तराखंड स्थित केदारनाथ में गौरीकुंड के पास पहाड़ी से पत्थर नीचे गिरने के कारण तीन लोगों की मौत वाकई दुखद है। हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी हैं।

दरअसल, पहाड़ों में बारिशों के कारण अक्सर ही जमीन खिसकने (लैंड स्लाइड) के मामले होते रहते हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि लैंड स्लाइड होने के कारण ही यह हादसा हुआ है। हादसा रविवार सुबह हुआ। पहाड़ से बड़े-बड़े पत्थर गिरने की घटना तीन स्थानों पर हुई। गौर करने वाली बात यह है कि गौरीकुंड-जहां हादसा हुआ है-वहां से केदारनदाथ धाम तक 16 किलोमीटर लंबे पैदल यात्रा मार्ग पर कई संवेदनशील क्षेत्र हैं, जहां हल्की बारिश में ही पहाड़ से पत्थर और मलबा गिरने लगता है।

यह पूरा स्ट्रेच भूस्खलन की दृष्टि से अतिसंवेदनशील है। इस मामले में कुछ ऐसा हुआ कि उस दिन भारी बारिश हो रही थी और श्रद्धालु यात्रा पर थे। उन्हें इस आशंका का भान ही न हो सका। यहां प्रशासन की जिम्मेदारी को परखना जरूरी बन जाता है। जब यह बात वहां के प्रशासन और आपदा प्रबंधन को मालूम था तो फिर यात्रियों को इसकी जानकारी देना उनका फर्ज था। वैसे भी केदारनाथ में इससे पहले कई हादसे हुए हैं।

बीते आठ वर्षो में वर्षाकाल के दौरान इस मार्ग पर हादसे में 19 व्यक्तियों को जान गंवानी पड़ी। इस नाते वहां के प्रशासन को इसकी तैयारियां चौकस रखनी चाहिए थी। यह घनघोर लापरवाही का मामला है। इसकी अनदेखी नहीं होनी चाहिए थी। हालांकि अब प्रशासन अपनी साख बचाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, मगर यह सब कवायद यात्रा शुरू होने से पहले होनी चाहिए थी। ताजा निर्देश के मुताबिक शाम 5 बजे से दूसरे दिन सूर्योदय तक केदारनाथ पैदल मार्ग पर आवाजाही पर रोक लगा दी गई है।

यात्रियों की भी जिम्मदारी है कि वो खुद से खतरा मोल न लें। अगर मौसम साफ है और यात्रा में कोई व्यवधान की अग्रिम सूचना नहीं है तभी आगे बढ़ा जा सकता है। प्रकृति से लडक़र कोई आज तक जीत नहीं सका है। सभी लोगों को उसके रौद्र रूप की वजहों की तलाश करनी होगी और उसका सम्मान भी करना होगा। पहाड़ी राज्यों में लोगों की जरूरत से ज्यादा आवाजाही और अंधाधुंध निर्माण के कायरे पर बहुत सोच-समझकर आगे बढ़ना होगा। प्रकृति के साथ तारतम्य बनाने और उसके अनुरूप चलने से ही जान-माल के नुकसान से बचा जा सकता है। यह बात हर किसी को अपने जेहर में रखनी होगी।

# मुक्केबाज प्रीति ने दर्ज की महिलाओं के 54 किग्रा में किम अन्ह पर शानदार जीत

**पेरिस**



भारत की प्रीति पवार पहले दौर के मुकाबले में शानदार जीत के साथ मुक्केबाजी में महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। हरियाणा के भिवानी की 20 वर्षीय खिलाड़ी ने नॉर्थ पेरिस एरेना में राउंड 32 में वियतनाम के वो थी किम अन्ह को 5-0 से हरा दिया। अब उनका मुकाबला दूसरी वरीयता प्राप्त कोलंबिया की येनी एरियास से होगा।

शनिवार की पूरी बाउट के दौरान प्रीति ने अपनी प्रतिद्वंद्वी को लय हासिल नहीं करने दी। शुरुआत में भारतीय मुक्केबाज को कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ा लेकिन फिर उन्होंने शानदार वापसी की और पहला मुकाबला जीत लिया।

14 साल की उम्र में, प्रीति को उनके चाचा विनोद ने मुक्केबाजी से परिचित कराया, जो खुद राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता मुक्केबाज थे। विनोद ने प्रीति के पिता, जो हरियाणा पुलिस में सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई) के रूप में काम करते हैं, को उन्हें मुक्केबाजी में हाथ आजमाने के लिए मना लिया और उन्हें कोचिंग देना शुरू कर दिया।

बॉक्सिंग में करियर बनाने के लिए प्रीति को अपने परिवार से पूरा सहयोग मिला और उन्होंने उनके विश्वास को कम नहीं होने दिया।

हालाँकि उन्होंने थोड़ी देर से शुरुआत की, छह साल में, प्रीति ने घरेलू सर्किट से अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक प्रगति की, पिछले साल हांगझाऊ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता और अपनी पहली विश्व चैम्पियनशिप में भी देश का प्रतिनिधित्व किया। अब वह ओलंपिक खेलों में पदक जीतकर अपना सपना पूरा करने की उम्मीद कर रही हैं।

# मनु भाकर ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर रचा इतिहास : शूटिंग में बनी ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला

**पेरिस**



पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत की मनु भाकर ने कमाल का प्रदर्शन किया है। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल में भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया है और पेरिस में तिरंगा लहरा दिया है। वह शूटिंग में भारत के लिए ओलंपिक मेडल जीतने वाली भारतीय महिला निशानेबाज हैं। पेरिस ओलंपिक 2024 में भी भारत का ये पहला पदक है।

10 मीटर एयर पिस्टल में मेडल के लिए 8 महिला शूटर मैदान में थीं। मनु ने तीसरा स्थान हासिल किया और पदक जीत लिया। मनु ने कुल 221.7 का स्कोर किया। उन्होंने पहले स्टेज में 50.4 का स्कोर किया और फिर दूसरे स्टेज में उनका स्कोर 101.7 तक पहुंच गया। पहले दो स्थानों पर कोरियाई प्लेयर्स का कब्जा रहा। साउथ कोरिया की ओह ये जिन ने 243.2 का स्कोर किया। वह पहले नंबर पर रही और गोल्ड मेडल जीता। दूसरे नंबर पर किम येजी थीं, जिनका स्कोर 241.3 रहा।

मनु भाकर टोक्यो ओलंपिक में मेडल जीतने की बड़ी दावेदार थीं। तब उनकी पिस्टल खराब हो गई थी और वह पदक नहीं जीत पाईं थी। लेकिन टोक्यो की कमी को उन्होंने पेरिस में पूरा कर दिया है और पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। उनसे पहले ओलंपिक में कोई भी भारतीय महिला शूटर पदक नहीं जीत पाई थी। अब ये कीर्तिमान उन्होंने अपने नाम कर लिया है। क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 6 सीरीज का मौका सभी निशानेबाजों को मिला जिसमें आखिर में टॉप-8 में रहने वालीं खिलाडिय़ों ने अपनी जगह मेडल इवेंट के लिए पक्की की। इसमें 22 साल की मनु भाकर ने पहली सीरीज में 100 में 97 अंक हासिल किए। इसके बाद 97 दूसरी सीरीज में जबकि तीन सीरीज खत्म होने के बाद मनु के 300 में 292 अंक थे। मनु ने आखिरी तीन सीरीज में लगातार 96 अंक हासिल किए और फाइनल के लिए अपनी जगह को पक्का किया था।

# सिंधु की विजयी शुरुआत, पहले मैच में मालदीव की फातिमथ नबाहा को हराया

**पेरिस**

शीर्ष भारतीय शटलर पीवी सिंधु ने रविवार को ला चैपल एरेना में महिला एकल ग्रुप एम के पहले मैच में मालदीव की फातिमथ नबाहा अब्दुल रज्जाक पर 21-9, 21-6 की आसान जीत के साथ अपने पेरिस ओलंपिक अभियान की शुरुआत की।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बुधवार को अपने दूसरे ग्रुप स्टेज मैच में एस्टोनिया की क्रिस्टिन कुबा से भिड़ेंगी।

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ग्रीष्मकालीन ओलंपिक से कभी खाली हाथ नहीं लौटी हैं, उन्होंने टोक्यो 2020 में कांस्य पदक जीतने से पहले रियो 2016 में अपने पहले खेलों में रजत पदक जीता था।

वह कई ओलंपिक पदक जीतने वाली एकमात्र भारतीय महिला हैं। पहलवान सुशील कुमार एकमात्र अन्य भारतीय हैं जिनके कैबिनेट में एक से अधिक व्यक्तिगत ओलंपिक पदक हैं।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश जून तिमाही में पांच गुना होकर 94,151 करोड़ रुपए पर

**नईदिल्ली**




इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश जून, 2024 में समाप्त तिमाही में पांच गुना होकर 94,151 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। एक साल पहले समान तिमाही में यह आंकड़ा 18,358 करोड़ रुपये था।

मजबूत आर्थिक माहौल, सरकार की अनुकूल राजकोषीय नीतियां, निवेशकों का भरोसा और शेयर बाजारों में तेजी के बीच इक्विटी म्यूचुअल फंड को लेकर आकर्षण बढ़ा है।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, जून में उद्योग के प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) 59 प्रतिशत बढक़र 27.68 लाख करोड़ रुपये हो गईं, जो एक साल पहले 17.43 लाख करोड़ रुपये थीं।

परिसंपत्ति आधार में मजबूत वृद्धि के साथ इक्विटी म्यूचुअल फंड के निवेशकों की संख्या भी बढ़ी है। इस दौरान निवेशक आधार तीन करोड़ बढ़ा है और फोलियो की संख्या बढक़र 13.3 करोड़ हो गई है।

स्टॉक ट्रेडिंग मंच ट्रेडजिनी के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) त्रिवेश डी ने बताया कि इक्विटी फोलियो की संख्या में बढ़ोतरी से पता चलता है कि विभिन्न निवेशक खंडों में भागीदारी व्यापक हो रही है। इसकी वजह वित्तीय जागरूकता तथा निवेश मंचों तक सुगम पहुंच है।

एम्फी के आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी आधारित म्यूचुअल फंड योजनाओं में जून, 2024 को समाप्त तिमाही में 94,151 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। अप्रैल में इन योजनाओं में 18,917 करोड़ रुपये, मई में 34,697 करोड़ रुपये और जून में 40,537 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश जून तिमाही में पांच गुना होकर 94,151 करोड़ रुपये हो गया। यह जून, 2023 को समाप्त तिमाही में 18,358 करोड़ रुपये था। मार्च, 2024 की पिछली तिमाही की तुलना में जून तिमाही में निवेश 32 प्रतिशत अधिक रहा है। मार्च तिमाही में यह आंकड़ा 71,280 करोड़ रुपये रहा था।

# एफपीआई ने जुलाई में अबतक शेयरों में 33,600 करोड़ रुपए डाले

**नईदिल्ली**

नीतिगत सुधार जारी रहने की उम्मीद, सतत आर्थिक वृद्धि और कंपनियों के उम्मीद से बेहतर तिमाही नतीजों के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अबतक भारतीय शेयर बाजार में 33,600 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है।

हालांकि, सरकार द्वारा बजट में वायदा और विकल्प व्यापार (एफएंडओ) और इक्विटी निवेश से पूंजीगत लाभ पर कर में बढ़ोतरी के बाद एफपीआई ने पिछले तीन कारोबारी सत्रों (24-26 जुलाई) में शेयरों से 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि भारतीय शेयर बाजार इस साल विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए अच्छी स्थिति में है। हालांकि, कुछ घटनाक्रमों की वजह से मासिक आधार पर इनमें कुछ उतार-चढ़ाव रह सकता है। बजाज फिनसर्व एएमसी के सीआईओ निमेश चंदन ने कहा, भारतीय शेयर बाजार और ऋण या बॉन्ड बाजार इस वर्ष अनुकूल स्थिति में हैं। इससे देश में विदेशी प्रवाह आकर्षित होना चाहिए। हालांकि, माह-दर-माह आधार पर इसमें कुछ उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (26 जुलाई तक) शेयरों में शुद्ध रूप से 33,688 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पहले जून में शेयरों में 26,565 करोड़ रुपये का निवेश आया था। एफपीआई ने चुनावी नतीजों को लेकर असमंजस के बीच मई में शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये निकाले थे। मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी में बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी की चिंताओं के कारण अप्रैल में एफपीआई ने शेयरों से 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की थी। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, आर्थिक रूप से भारत मजबूत स्थिति में है। इसके अलावा कंपनियों के तिमाही नतीजे उम्मीद से बेहतर रहे है। इससे कॉरपोरेट जगत का बही-खाता सुधरा है। उन्होंने कहा, इसके अलावा, सितंबर में अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती की उम्मीद बढ़ी है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) द्वारा भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुमान में बढ़ोतरी की वजह से भी एफपीआई निवेश बढ़ेगा।

मार्केट आउटलुक

# तिमाही नतीजे, पीएमआई डेटा के साथ यह फैक्टर्स बाजार के लिए होंगे अहम

**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार के लिए बीता कारोबारी हफ्ता काफी शानदार रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मुख्य सूचकांक निफ्टी ने 24,861 का नया ऑल-टाइम हाई बनाया।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का मुख्य सूचकांक सेंसेक्स भी अपने ऑल-टाइम हाई के करीब बंद हुआ। बीते हफ्ते निफ्टी ने 1.24 प्रतिशत और सेंसेक्स ने 0.90 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। यह लगातार आठवां कारोबारी हफ्ता था, जब बाजार सकारात्मक हुआ है।

आने वाले हफ्ते में शेयर बाजार में कारोबार कई घरेलू और विदेशी फैक्टर्स पर निर्भर करेगा। घरेलू स्तर पर देखा जाए तो वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के नतीजे, इन्फ्रास्ट्रक्चर आउटपुट और मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई के आंकड़े आएंगे।

वहीं, एक अगस्त से ऑटोमोबाइल सेल्स के आंकड़े आने शुरू हो जाएंगे, जिसका असर शेयर बाजार पर देखने को मिल सकता है। इसके विदेशी निवेशकों और घरेलू निवेशकों की गतिविधियों से भी बाजार की दिशा तय होगी। वैश्विक स्तर पर, अमेरिकी फेड की मीटिंग गुरुवार को होगी।

इसमें ब्याज दरों को 5.25 प्रतिशत से लेकर 5.50 प्रतिशत पर बरकरार रखा जा सकता है। वहीं, ब्याज दरों को लेकर बैंक ऑफ जापान की बुधवार को बैठक है। जून में बैंक ऑफ जापान ने ब्याज दरों को 0 से 0.1 प्रतिशत पर बरकरार रखा था।

मास्टर कैपिटल सर्विसेज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह नंदा का कहना है कि निफ्टी के लिए 25,000 फिलहाल एक बड़ा रुकावट का स्तर है। अगर निफ्टी इससे ऊपर ट्रेड करना शुरू कर देता है तो 25,400 का स्तर भी देखने को मिल सकता हैं वहीं, 24,500 एक मजबूत सपोर्ट है। ऐसे में हर गिरावट पर खरीदारी करनी चाहिए।

वीटी मार्केट्स के मार्केट विश्लेषक एलेक्स वोल्कोव ने वैश्विक बाजारों को लेकर कहा कि अमेरिकी फेड चेयरमैन पॉवेल की ओर से हाल ही में ब्याज दरों में कटौती को लेकर नकारात्मक बयान दिया है, जिससे लगता है इस बार ब्याज दरों में कमी नहीं होगी। हालांकि, सितंबर में 25 आधार अंक की ब्याज दरों में कटौती संभावना बनी हुई है।


# तापसी पन्नू की फिर आई हसीन दिलरुबा का रोमांस और सस्पेंस से भरा ट्रेलर हुआ रिलीज, 9 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर



तापसी पन्नू, विक्रांत मैसी और सनी कौशल स्टारर रोमांटिक थ्रिलर- सस्पेंसिव फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा का ट्रेलर आज 25 जुलाई को रिलीज हो गया है. फिर आई हसीन दिलरुबा का ट्रेलर प्यार, धोखा और फिर मर्डर मिस्ट्री से लैस है. तापसी पन्नू एक बार फिर मर्डर के केस में फंसने के तैयार हैं. फिर आई हसीन दिलरुबा आगामी 9 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने जा रही है. फिर आई हसीन दिलरुबा साल 2021 में आई फिल्म हसीना दिलरुबा का सीक्वल है. इसे जयप्रद देसाई ने डायरेक्ट किया है और इस बार फिल्म में विक्की कौशल के भाई सनी कौशल की एंट्री हुई है.

फिर आई हसीन दिलरुबा के ट्रेलर की बात करें तो यह शुरू से ही अपने साथ जोडऩे की ताकत रखता है. तापसी एक बार फिर अपने रानी के रोल मे बोल्ड अंदाज से कहर ढा रही हैं. इधर, रानी के पति के रोल में रिशू (विक्रांत मैसी) का रोल काफी सस्पेंसिव है. रिशू और रानी की शादी के सीन ट्रेलर में दिख रहे हैं. वहीं, रिशू अपनी पत्नी रानी से कहता है कि उनकी जिंदगी में तीसरे शख्स की एंट्री नहीं होना चाहिए और वहीं अगले ही सीन में रानी की जिंदगी में अभिमन्यू (सनी कौशल) एक सीधे-सादे इंसान के रोल में रानी की जिंदगी में एंटर होता है, जो रानी के प्यार में पागल है.

# त्रिशा कृष्णन की तेलुगु ओरिजिनल क्राइम-थ्रिलर सीरीज बृंदा का ट्रेलर जारी



त्रिशा कृष्णन की बृंदा का ट्रेलर रिलीज़ हुआ। दक्षिण भारतीय सिनेमा की सनसनी त्रिशा कृष्णन अपनी आगामी क्राइम थ्रिलर सीरीज़ बृंदा के साथ देशभर के दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार हैं। 2 अगस्त को सोनी लिव पर प्रीमियर होने वाली यह दिलचस्प सीरीज़ तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम, मराठी, बंगाली और हिंदी सहित कई भाषाओं में उपलब्ध होगी, जिससे पूरे भारत में इसकी व्यापक पहुँच सुनिश्चित होगी। हाल ही में रिलीज़ हुए ट्रेलर ने काफ़ी चर्चा बटोरी है, जिसमें त्रिशा को एक जटिल रहस्य को सुलझाने वाली दृढ़ पुलिस अधिकारी की दमदार भूमिका में दिखाया गया है। विकट बाधाओं का सामना करते हुए, वह सच्चाई को उजागर करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

# धनुष की रायन ने पहले दिन की ताबड़तोड़ कमाई



साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार धनुष की मोस्ट अवेटेड फिल्म रायन आखिरकार 26 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। जब से इस फिल्म का पहला पोस्टर आउट हुआ था तब से ही इसे लेकर लोगों के बीच जबरदस्त बज देखने को मिल रहा है। 100 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म में धनुष ने बतौर डायरेक्टर के तौर पर भी काम किया है। सोशल मीडिया पर ही नहीं बल्कि फिल्म क्रिटिक से भी फिल्म को शानदार रिव्यू मिल रहे हैं। इसी बीच फिल्म रायन के पहले दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन सामने आ चुका है।

धनुष की एक्शन ड्रामा फिल्म रायन में जबरदस्त एक्शन के साथ रोमांस और सस्पेंस भी दिखाया गया है। बता दें कि यह उनके द्वारा निर्देशित की गई उनकी दूसरी फिल्म है। वहीं फिल्म का नाम ही नहीं इसकी स्टार कास्ट भी सोशल मीडिया पर खूब ट्रेंड कर रही है। धनुष ने बतौर एक्टर और निर्देशन दर्शकों का दिल जीत लिया है। फिल्म रायन ने पहले दिन बॉक्श ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर मेकर्स की उम्मीद को और बढ़ा दिया है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, रायन ने ओपनिंग डे पर 12 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। बता दें कि रायन से पहले एक्टर धनुष कैप्टन मिलर फिल्म में नजर आए थे। उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई।

फिल्म रायन में धनुष के अलावा एसजे सूर्या, प्रकाश राज, सेल्वाराघवन, संदीप किशन, कालिदास जयराम, दुशारा विजयन, अपर्णा बालामुरली, वरलक्ष्मी सरथकुमार और सरवनन भी लीड रोल में हैं। इस फिल्म के रिलीज होते ही ट्विटर पर फैंस के रिव्यूज भी आने शुरू हो गए हैं। बता दें कि रायन गैंगस्टर की कहानी पर आधारित इस फिल्म के लिए एआर रहमान ने संगीत तैयार किया है। फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) द्वारा ए ग्रेड दिया गया है।


# शब्द सामर्थ्य- 132

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।




**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 131 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# सू-दोकू- 132

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.131 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

# आज का राशिफल

***मेष-*** आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। घर पर किसी दोस्त की पार्टी का इनविटेशन आ सकता है। ऑफिस में आपके काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ करेंगे। आर्ट्स स्टूडेंट्स के लिए दिन शानदार रहने वाला है।

***वृष-*** आज नये कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी, जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और भी अधिक मजबूत होगा। बच्चों के साथ आप कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज आपको धन लाभ के बड़े अवसर मिलेंगे।

***मिथुन-*** आज आपकी कम्पनी को किसी बड़ी कंपनी से डील करने का ऑफर मिलेगा। संगीत से जुड़े लोग किसी कॉन्सर्ट में हिस्सा लेंगे। घर पर अचानक किसी मेहमान के आने की संभावना है। आज आप अपने रिश्तों को मजबूत बनाने की कोशिश करेंगे।

***कर्क-*** आज ऑफिस में एक्स्ट्रा वर्क करने से रुका हुआ काम पूरा हो जायेगा। आज किसी तरह के तर्क-वितर्क में पडऩे से आपको बचना चाहिए। आज आप किसी तरह के विचारों में खोये रहेंगे, बेहतर होगा बेवजह ना सोचे। आय के स्रोतों में स्थिरता बनी रहेगी।

***सिंह-*** आज कोई खास खबर मिलने के योग हैं। लॉ स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई-लिखाई में थोड़ा बदलाव करने की सोच सकते हैं, जो कि उनके भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आपको अपने खान-पान में थोड़ी सावधानी रखने की जरूरत है।

***कन्या-*** आज आप धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे। आज सोशल साइट के जरिये नए लोगों से आप जुड़ेंगे। किसी काम के लिए योजना बनाने और फैसले लेने के लिए दिन शुभ है। आज बच्चे खेलकूद में व्यस्त रहेंगे।

***तुला-*** आज आपका दिन परिवार वालों के साथ बीतेगा। आज आपको जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका मिलेगा। कार्यों में आ रही रुकावटें आज समाप्त हो जाएगी। आज गुस्से में किसी से बात करने से आपको बचना चाहिए।

***वृश्चिक-*** आज आपकी सारी इच्छाओं की पूर्ति होगी। व्यापार के सिलसिले में आज आपको दूसरे शहर की यात्रा करनी पड़ सकती है। संतान पक्ष से सुख की अनुभूति होगी, जिससे आपकी खुशियाँ बढ़ेंगी।

***धनु-*** आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी। अगर आप किसी को पसंद करते हैं और उससे अपने दिल की बात कहना चाहते हैं तो आज का दिन फेवरेबल है। आपको सफलता जरूर मिलेगी।

***मकर-*** आज पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभायेंगे। हर किसी से निजी समस्याओं को शेयर करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि की महिलाओं को शाम को बाहर निकलते समय अपने पर्स का खास ध्यान रखना चाहिए।

***कुंभ-*** आज आपको परिवार वालों का पूर्ण स्नेह और सहयोग प्राप्त होगा। आपके मित्र बहुत ही मददगार साबित होंगे। आज ऑफिस में आपके ड्रेस की तारीफ होगी, जिससे आप काफी प्रसन्न होंगे।

***मीन-*** आज व्यापार के मामले में आपके मन में नए-नए विचार आएंगे। किसी काम में बड़े भाई की सलाह फायदेमंद साबित होगी। आज परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा।